# आष्टा में 11 लाख रुद्राक्ष महोत्सव सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन एवं दिव्य कथा का आयोजन 2 जून से 8 जून तक होगा

**कथा में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री भी शामिल होंगे, समिति लगी है कथा की तैयारी में सभी तैयारियां पूरी गांव गांव भेजा आमंत्रण**

**आष्टा।**

नगर में आयोजित होने जा रहे ऐतिहासिक 11 लाख रुद्राक्ष महोत्सव, राम कथा एवं 101 से अधिक कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी यह क्षेत्र में जोरों पर है समिति के सदस्य सुबह से देर रात तक दुकान दुकान और घर-घर पहुंचकर आमंत्रण पत्र दे रहे हैं ताकि कथा में अधिक से अधिक लोग पहुंच सके।

कार्यक्रम के प्रमुख सूत्रधार संजीव सोनी %पांचम% ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 जून से 8 जून 2026 तक आयोजित होने वाला यह महोत्सव आष्टा नगर के इतिहास का एक भव्य धार्मिक आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान 11 लाख रुद्राक्ष वितरण, सामूहिक कन्या विवाह एवं भव्य कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर से संत-महात्मा शामिल होंगे। राम कथा 11 लाख रुद्राक्ष महोत्सव सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम के संयोजक सत्यजा सेवा संस्था के अध्यक्ष संजीव सोनी पाचन ने बताया है कि समिति लगातार 2 महीने से कथा की तैयारी में लगी है सुबह शाम बैठक हो रही है सभी समाजों का भरपूर सहयोग मिल रहा है कार्यक्रम भव्य होगा और देशभर के बड़े-बड़े संत शामिल होंगे जिसमें प्रमुख रूप से 2 और 3 जून को आचार्य पंडित अनिरुद्ध आचार्य जी कथा में शामिल होंगे 4




और 5 जून को बाल संत प्रियांशु जी महाराज अखिलेश्वर गुजरात के दिव्य प्रवचन होंगे 6 एवं 7 जून को साध्वी ममतामई मां दीदी ऋतंभरा जी के सत्संग होंगे, 7 जून को दादा गुरु अखंड निराहार नर्मदा परिक्रमा के प्रवचन होंगे, 7 जून



को ही 7 जून को ही शाम को 7 बजे से सुंदर कांड कथा व्यास रोहित जी करवाएंगे और 8 जून को कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम के सानिध्य में भव्य कथा सामूहिक विवाह सम्मेलन संत सम्मेलन होगा। कथा में कथा व्यास पंडित प्रदीप मिश्रा कुबेश्वर धाम, अन्नपूर्णा आश्रम के महामंडलेश्वर दीपक दास शास्त्री सहित अन्य संत भी शामिल होंगे। कथा 2 जून से 8 जून तक रोजाना



सुबह 10 बजे से 1 बजे कार्यक्रम स्थल मुकाती जी की बावड़ी कन्नौद रोड आष्टा जिला सीहोर में आयोजित की जाएगी ?1100000 रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम 9 एवं 10 जून को किया जाएगा जिसमें सीहोर, शाजापुर, राजगढ़ ,ब्यावरा, हरदा ,भोपाल, इंदौर, उज्जैन देवास सहित अन्य जिलों के श्रद्धालु भी कथा में शामिल होंगे।

**8 जून कथा का कार्यक्रम-**



8 तारीख के दिन सुबह 9:00 बजे दीदी मां ऋतंभरा जी का सत्संग प्रारंभ होगा 11:00 बजे अंजली आर्य जी का सत्संग होगा 12:00 बजे हिंदू हृदय सम्राट पंडित श्री धीरेंद्र शास्त्री जी मंच पर पधारेंगे 12:30 बजे 101 कन्याओं का वरमाला होगा 1:00 बजे पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी का सत्संग होगा 3:30 गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का संकल्प एवं भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प



दिया जाएगा 4:00 आरती के साथ ही कार्यक्रम का समापन होगा।

**सर्वसमाज का मिल रहा सहयोग-** इस आयोजन में सत्यजा सेवा संस्था, सकल हिन्दू समाज, हिन्दू उत्सव समिति, शीतला माता मंदिर समिति, मानस भवन समिति, राम मंदिर बुधवारा समिति, महिला मंडल सहित नगर के विभिन्न संगठनों का सहयोग मिल रहा है। समाजसेवी शेषनारायण मुकाती एवं मुस्लिम



समाज के सईद भाई द्वारा आयोजन के लिए स्थान उपलब्ध कराकर सामाजिक सौहार्द का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

**दानदाताओं में उत्साह-** महोत्सव को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। स्व. मांगीलाल साहू के सुपुत्र राजकुमार साहू एवं जितेंद्र साहू द्वारा दानराशि की घोषणा की गई है। अन्य दानदाता भी बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।

## छोला मंदिर इलाके में आपसी रंजिश में नाबालिग ने चार दोस्तो को चाकू मारे

**चैकिंग के दौरान कपड़ो पर खून लगा देख पुलिस ने दबोच लिया**

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना इलाके में स्थित शिवशक्ति नगर में एक लड़के ने 15 साल के किशोर समेत 3 नाबालिगों पर जानलेवा हमला कर दिया। सभी पार्टी व शादियों में वेटर का काम करते हैं। काम के दौरान हुए विवाद के चलते रंजिश चल रही थी। इनमें से एक नाबालिग को गंभीर चोट आई है, जिसे हमीदिया में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में रहने वाला मोहम्मद अनस पिता रिजवान (15) पढ़ाई करने के अलावा कैटरिंग का भी काम करता है। उसका बड़ा भाई वेटर का काम करता हैं। काम के दौरान अनस का फैज अंसारी से विवाद हो गया था। विवाद के बाद फैज ने साथ काम करना छोड़ दिया। बुधवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे अनस व उसका बड़ा भाई समेत अयान और मुस्ती काम करके ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। वे लोग करोंद मंडी के पास उतर गए और वहां से पैदल जाने लगे। तभी बाइक से पीछा कर रहा फैज वहां आ धमका। वो नशे में था उसने अनस के साथ गाली-गलौज करनी शुरु कर दी और जेब से चाकू निकालकर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि वारदात को अंजाम देकर आरोपी फैज अंसारी फरार हो गया। जब वह जेपी नगर ओवर ब्रिज के पास पहुंचा तो वहां पुलिस का चेकिंग पाइंट था। उसके कपड़ो पर खून लगा देख पुलिस को शक हुआ। तलाशी लेने पर उसके पास चाकू मिला। जिसके बाद हमले की घटना सामने आई। गौतम नगर पुलिस ने चाकू के साथ उसे दबोकर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर लिया। जानकारी मिलते ही छोला मंदिर पुलिस ने औपचारिता पूरी कर आरोपी फैज को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

## इंस्टाग्राम फ्रेंड ने शादी का झांसा देकर चार लिवइन में रख किया दुष्कर्म

**भोपाल।** शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए आरोपी ने युवती से दोस्ती कर पहले तो उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया और फिर शादी का झांसा देकर उसे चार साल तक लिवइन में रख दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने इस दौरान उसके निजी वीडियो बना लिए। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उसे ब्लेकमेल कर उससे करीब चार लाख की रकम भी वसूली। थाना पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया की साल 2022 में उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिये अंकित अहिरवार से हुई थी। जल्द ही उनकी दोस्ती प्रेम-प्रसंग में बदल गई और आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर अपने साथ लिव-इन में रहने के लिए राजी कर लिया। बाद में पीड़िता को जानकारी लगी की आरोपी पहले से विवाहित है और उसके बच्चे भी हैं। इसके बाद पीड़िता ने उस पर जल्द शादी करने का दबाव बनाया तब आरोपी ने उसके साथ शादी करने से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता का आरोप है की साथ रहने के दौरान प्रेमी ने उसके निजी वीडियो बना लिये थे, और शादी करने से मना करने के बाद वह इन वीडियो का वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। समाज में बदनामी के डर से पीड़िता ने आरोपी को अलग-अलग समय पर करीब चार लाख रुपए दे दिए। बाद में पीड़िता के परिवार वालो ने उसकी शादी अन्य युवक से करा दी। लेकिन इसके बाद भी आरोपी उसे लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर परेशान करता रहा। उसकी प्रताड़ना और ब्लेमेलिंग से तंग आकर पीड़िता पुलिस के पास जा पहुचीं और शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## गौमांस मिलने की सूचना पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओ ने किया प्रदर्शन

भोपाल। देहात इलाके के गुनगा थाना क्षेत्र में गुरुवार को कथित रूप से गौमांस मिलने की सूचना के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। बताया गया है कि एक संदिग्ध वीडियो सामने आने के बाद मामला तेजी से तूल पकड़ गया और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। हालांकि मौके पर पहुचें पुलिस के आला अफसरो ने स्थिति संभालते हुए आक्रोशित लोगों को समझाइश देकर शांत कराया। जानकारी के मुताबिक, ग्राम धमर्रा निवासी दो युवकों का एक कथित वीडियो सामने आया था, जिसमें गौकशी से जुड़ी बातें कही जा रही थीं। वीडियो के वायरल होते ही आक्रोशित लोग बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए और दूसरे पक्ष के घर तक पहुंच गए। इससे इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुनगा थाना पुलिस सहित वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से संदिग्ध मांस जब्त कर जांच के लिए भेजा है। जॉच रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगा कि जप्त किया गया मांस गौमांस है या नहीं। थाना पुलिस के अनुसार, मामले को गंभीरता से लेते हुए दो भाइयों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

**कमरे में मिली युवक की तीन दिन पुरानी लाश-** भोपाल। निशातपुरा थाना इलाके में स्थित संजीव नगर इलाके में एक कमरे से 45 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान मुकेश के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक उनकी मौत करीब 2-3 पहले हो चुकी थी। पुलिस ने बताया की शुक्रवार सुबह स्थानीय निवासी ने सूचना देते हुए बताया की उसके पास के कमरे से तेज बदबू आ रही है। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा खोला गया, वहॉ अंदर मुकेश का शव पड़ा नजर आया। शव काफी खराब हालत में था।

## जीआरपी पुलिस ने अपहरण करने वाले आरोपी को 08 घंटे में किया गिरफ्तार

**भोपाल, शाहबाज अली।**

पुलिस की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता एवं पेशेवर जांच का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जीआरपी भोपाल ने रेलवे स्टेशन से अपहृत 02 वर्षीय बालक को 08 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।



रेल पुलिस अधीक्षक भोपाल अंकित जायसवाल के निर्देशन में इस गंभीर मामले को प्राथमिकता देते हुए तत्काल विशेष टीमों का गठन किया गया। थाना प्रभारी जीआरपी भोपाल निरीक्षक जहीर खान के नेतृत्व में गठित टीमों ने तकनीकी एवं मैदानी जांच के माध्यम से बालक को सुरक्षित बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 मई को सीतू यादव निवासी जिला कटनी अपने पति के साथ मजदूरी की तलाश में भोपाल आई थीं। उनका पति मजदूरी के लिए चला गया, जबकि वे अपने 02 वर्षीय पुत्र के साथ भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 स्थित नई भवन के मुसाफिरखाने के सामने बैठी थीं। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति बच्चे को गोद में खिलाने के बहाने अपने साथ लेकर चला गया। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी भोपाल ने तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध कर रेलवे स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का सूक्ष्म परीक्षण किया। जांच के दौरान फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति बालक को गोद में लेकर रेलवे स्टेशन परिसर से बाहर जाते हुए तथा इटारसी दिशा की ओर जाने वाली ट्रेन में सवार होता दिखाई दिया। पुलिस टीमों ने तकनीकी विश्लेषण एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसका पीछा किया। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप आरोपी को ट्रेन क्रमांक 12621 तमिलनाडु एक्सप्रेस के जनरल कोच से उतरते समय घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अपहृत बालक को सकुशल दस्तयाब कर उसे उसके परिजनों के सुपुर्द किया। बालक के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने जीआरपी भोपाल का आभार व्यक्त किया। इस कार्रवाई ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि मध्यप्रदेश पुलिस नागरिकों की सुरक्षा एवं विशेषकर बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

## इलेक्ट्रिक बैड में ब्लास्ट, सो रहे 88 साल के बीमार वृद्ध की मौत

**भोपाल।** देहात के ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां वयोवृद्ध इलेक्ट्रिक बैड में सो रहे थे, अचानक उसमें जोरदार ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। जिस कारण वृद्ध उसमें बुरी तरह से झुलस गए थे, कुछ घंटे चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। थाना पुलिस के अनुसार ग्लेडविन सहाय पारधी (88) अगरिया काला पीपल में बेटे के साथ रहते थे। अधिक उम्र और बीमारी के कारण वह चल-फिर नहीं पाते थे। उन्हें बेटे ने बीमारी और उनके आराम के लिये इलेक्ट्रिक बेड दिलाया था। बुधवार शाम चार बजे ग्लेडविन सहाय पारदी बेड पर सो रहे थे। अचानक ही बेड की बैटरी में शार्ट सर्किट हुआ और जोरदार ब्लास्ट हुआ। जिसके बाद बेड में आग लग गई। आग की चपेट में आकर वृद्ध बुरी तरह झुलस गये थे, उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिये निजी अस्पताल पहुचांया गया। वहां कुछ घंटों चले इलाज के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को मॉर्चुरी रुम में रखवा दिया है। बताया गया है की उनकी बेटी विदेश में रहती हैं। उसके भोपाल आने पर शव का पीएम कराया जायेगा। पुलिस का कहना है कि पीएम रिर्पोट के आधार पर आगे की जॉच की जायेगी।

## दोस्तो के साथ घूमने वीआईपी रोड गई यूवती ने तालाब में लगाई छंलाग

**भोपाल।** पुराने शहर के वीआईपी रोड स्थित बड़े तालाब में शुक्रवार सुबह एक युवती ने छलांग लगा दी। सूचना मिलने पर नगर निगम के गोताखोर तत्काल मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। गोताखोर मोहम्मद इमरान, शेख आसिफ और आमिर की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवती को पानी से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पहुचीं तलैया थाना पुलिस ने युवती को तत्काल अस्पताल पहुचांया। पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवती की पहचान मनीषा के रूप में हुई है, जो बैरागढ़ क्षेत्र की निवासी बताई जा रही है। परिजनों के मुताबिक वह पिछले कुछ समय से पारिवारिक परेशानियों से जूझ रही थी। थाना पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक युवती सुबह करीब 8 बजे अपने दो दोस्तों के साथ वीआईपी रोड पर घूमने आई थी। इसी दौरान वह किसी को फोन लगाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन बात नहीं हो पा रही थी, जिससे वह तनाव में आ गई। इसी दौरान उसने अचानक तलाब में छलांग लगा दी।

## वटकेश्वर महादेव मंदिर पर्व पंडित दीनदयाल शक्ति की बैठक सम्पन्न



**सारंगपुर।** पंडित दीनदयाल शक्ति केंद्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 4 , 5 एवं 6 कीआवश्यक कामकाजी बैठक वटकेश्वर महादेव मंदिरप्रांगण में सम्पन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रभारी विष्णु पाटीदार कि ओर कार्यकर्ताओं को संगठन की रूपरेखा के बारे में अवगत करते हुए बताया कि प्रत्येक माह केंद्र की बैठक आयोजित की जानी है एवं बुत स्तर की बैठक आयोजित करके सभी बूथ अध्यक्षों को अपनी बूथ समिति के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुनना है और एवं संगठन पर अपलोड करना है और सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करना है एवं पार्टी की आगामी जो भी कार्य योजनाएं तय होगी वह शक्ति केंद्र की बैठकों के माध्यम से संपन्न होगी। बैठक में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री कमल राठौर शक्ति केंद्र के संयोजक सुधीर श्रीमाल आशुतोष जी वेद राधेश्याम महेश्वरी सतीश गिरजे एवं सभी बूथ अध्यक्ष सम्मिलित हुए बैठक का संचालन महामंत्री कमल राठौड़ ने किया एवं आभार बूथ अध्यक्ष भूपेंद्र जोशी जी ने माना ,

## राष्ट्रीय पटल पर योग गुरु डॉ.त्रिपाठी ने उच्च स्थान हासिल किया है-मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव





**उज्जैन जिला ब्यूरो प्रमुख। जवाहर डोसी पीयूष।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन प्रातः आयोजित योग सत्र में मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने योग गुरु डॉ. मिलिन्द्र त्रिपाठी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय पटल पर उच्च स्थान हासिल किया है तथा उज्जैन का नाम गौरवान्वित किया है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अपने उद्बोधन में उज्जैन योग इंस्टीट्यूट के उन योग खिलाड़ियों की उपलब्धियों का भी विशेष उल्लेख किया जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की योग प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर उज्जैन को योग के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। आज प्रातः 6:30 बजे आयोजित योग सत्र में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने स्वयं लगभग 40 मिनट तक योगासन,प्राणायाम एवं ध्यान का संयुक्त अभ्यास किया।इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ.यादव एवं योग गुरु डॉ.मिलिन्द्र त्रिपाठी ने पद्म मयूरासन एवं मयूरासन का प्रदर्शन कर नियमित योग साधना अपनाने का संदेश दिया। योग सत्र का संचालन योग गुरु डॉ.मिलिन्द्र त्रिपाठी द्वारा किया गया।प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा,उज्जैन नगर निगम सभापति कलावती यादव,महापौर मुकेश टटवाल,पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती, डॉ.रवि सोलंकी,मुकेश यादव,आनन्द खींची, जगदीश पांचाल,दिनेश जाटवा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। योग सत्र में अनुशासन,ऊर्जा एवं सकारात्मक वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिला।उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

## वृद्धा की मौत के 17 साल बाद जिंदा बताकर कराई जमीन की रजिस्ट्री, नकली मृतका को जमीन पर खड़ा कर फोटो भी खींचा

**भोपाल।** राजधानी में जमीनो की हेराफेरी करने वाले भूमाफिया का एक और सनसनीखेज फर्जीवाड़ा किया जाने का मामला सामने आया है। रातीबढ़ थाना इलाके में एक वृद्ध महिला की मौत के 17 साल बाद आरोपियो ने मृतका महिला को जिंदा बताकर उसके नाम पर दर्ज सवा एकड़ जमीन को बेचने के लिये फर्जीवाड़ा कर दिया। थाना पुलिस के अनुसार फरियादी ब्रजेश कुमार ने अपनी शिकायत में बताया की उनकी नानी कमला बाई शर्मा पिता श्यामलाल शर्मा (76) साल के नाम पर ग्राम सरवर में करीब सवा एकड़ जमीन थी। नानी कमलाबाई का देहांत 5 अक्टूबर 2008 में हो गया था। इसके बाद इस जमीन की रजिस्ट्री 4 दिसंबर 2025 को नीलेश मालवीय और चंद्रशेखर बघेल के पक्ष में कराई गई थी। जब ब्रजेश को इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने इसकी शिकायत की। जॉच में सामने आया की जमीन खरीदने वाले नीलेश मालवीय और चंद्रशेखर बघेल द्वारा रजिस्ट्री आईएसबीटी स्थित सब रजिस्ट्रार ऑफिस में की गई थी। जिसमें कमला बाई शर्मा का जमीन पर खड़ा करके फोटो भी खींचा गया। दस्तावेजों की पड़ताल के बाद उस जमीन की रजिस्ट्री कर दी गई। इसकी भनक कमला बाई शर्मा के नाती फरियादी बृजेश शर्मा को लगी। और उन्होंने सब रजिस्ट्रार ऑफिस में 24 मार्च, 2026 को लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीर मानते हुए उप पंजीयक डॉक्टर बृजेंद्र शुक्ला ने जांच के आदेश दिए। जांच में पता चला कि जमीन की असली मालिक कमला बाई शर्मा का निधन 5 अक्टूबर, 2008 को हो चुका है। जब उनका निधन हुआ था, तब उनकी उम्र 76 साल थी। फरियादी नाती ने मौत से संबंधित दस्तावेज सब रजिस्ट्रार ऑफिस को सौपें थे। दस्तावेजो की छानबीन में यह बात सामने आई की मृतका के स्थान पर रजिस्ट्री करने आई महिला का चेहरा और उम्र भी उनसे मेल नहीं खाता है। मामले की गंभीरता को देख उप पंजीयक कार्यालय ने शिकायती प्रतिवेदन रातीबड़ थाना पुलिस को सौपं दिया। प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस ने शुरुआत में मृत वृद्धा के स्थान पर खड़ी होकर तस्वीर खिंचाने वाली महिला को आरोपी बनाते हुए जालसाजी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस जमीन खरीदने वाले नीलेश मालवीय और चंद्रशेखर बघेल से भी पूछताछ करेगी। जिससे जमीन बेचने वाले भूमाफियाओं के नेटवर्क का पता चल सकेगा। वहीं रजिस्ट्री के लिए लगाए गए दस्तावेजों की जॉच के साथ ही पुलिस सौदे की रकम और जिस खाते में रकम ट्रांसफर हुई उसकी जानकारी जुटाने का भी काम कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस प्रकरण में आरोपियों की संख्या आधा दर्जन से अधिक हैं। जिसमें सब रजिस्ट्रार ऑफिस के कुछ कर्मचारियों की भी संदिग्ध भूमिका सामने आ रही है। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। वहीं गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश जारी है।